# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 05 MAY 2026

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(A) पंचायत विकास सूचकांक 2.0 की रैंकिंग में राजस्थान 12वें स्थान पर रहा है।

(B) जालोर जिले की सांचौर ब्लॉक की करोला पंचायत राजस्थान की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायत रही

(A) कथन A और B सत्य हैं (B) केवल कथन A सत्य हैं

(C) केवल कथन B सत्य हैं (D) कथन A और B असत्य हैं

## Yesterday Revision

0101. जयपुर में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना की जाएगी.

02. पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बांसवाड़ा, सिरोही और उदयपुर में चंदन के वन विकसित किए जाएंगे

03. प्रदेश में भालू अभ्यारण्य (Bear sanctuary) बनाया जा रहा है. यह प्रदेश का पहला और देश का चौथा भालू अभ्यारण्य होगा. इसे जालोर के सुंधा माता इलाके (Sundha Mata area) में विकसित किया जाएगा

04. राजस्थान का गौरव- सरपंच कुसुम सिंह को मिला 'महिला बीकन लीडर' अवॉर्ड

05. राजस्थान हिंदी साहित्य अकादमी, उदयपुर ने साहित्यकार महेंद्र सिंह शेखावत की अनकी काव्य-कृति को शामिल किया है?

01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान विधानसभा परिसर में नक्षत्र वाटिका और हर्बल वाटिका तैयार की जा रही

(B) नक्षत्र वाटिका की अवधारणा भारतीय ज्योतिष के 27 नक्षत्रों पर आधारित है।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान विधानसभा परिसर में नक्षत्र वाटिका और हर्बल वाटिका तैयार की जा रही है यह वाटिकाएं भारतीय आध्यात्मिक परंपरा, प्राचीन ज्योतिषीय ज्ञान, आयुर्वेद चिकित्सा और पर्यावरण संरक्षण के समन्वय का उदाहरण बनेगी।
- इन वाटिकाओ का उद्घाटन विधानसभाध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी 5 राज्यों के स्पीकर्स के साथ 5 मई को करेंगे।.
- नक्षत्र वाटिका की अवधारणा भारतीय ज्योतिष के 27 नक्षत्रों पर आधारित है। ज्योतिष में प्रत्येक नक्षत्र का संबंध एक विशिष्ट वृक्ष से माना गया है।
- विधानसभा में आठ सौ पचास वर्ग मीटर में हर्बल वाटिका भी विशेष रूप से विकसित की गई है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) 8वे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े में जोधपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

(2) राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान पहले, आंध्र प्रदेश दूसरे और चंडीगढ़ तीसरे स्थान पर रहा।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- 8वे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े (9-23 अप्रैल 2026) में राजस्थान ने देशभर में पहला स्थान हासिल कर एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक सफलता दोहराई है।
- इस अभियान में जोधपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- थीम – जीवन के प्रथम 6 वर्षों में अधिकतम मस्तिष्क विकास।
- जोधपुर जिले में कुल 1 लाख 65 हजार 353 गतिविधियां आयोजित की गई। यह निर्धारित लक्ष्य का 133.19 प्रतिशत है।
- राजस्थान रैंकिंग में बीकानेर दूसरे और चूरू तीसरे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान पहले, आंध्र प्रदेश दूसरे और चंडीगढ़ तीसरे स्थान पर रहा।

03. राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं वैदिक हेरिटेज एवं पांडुलिपि शोध संस्थान द्वारा पांडुलिपि प्रदर्शनी कहां आयोजित हुई?

(A) जयपुर

(B) उदयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जयपुर में 4 मई को राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं वैदिक हेरिटेज एवं पांडुलिपि शोध संस्थान द्वारा आयोजित पांडुलिपि प्रदर्शनी और 21 दिवसीय लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की उपस्थिति में हुआ।
- इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को समझा।
- इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं, लिपि ज्ञान और शास्त्रीय विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) पीठासीन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समिति की द्वितीय बैठक 5 मई को जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित होगी।

(B) इस महत्वपूर्ण बैठक की मेजबानी राजस्थान विधानसभा कर रही है

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- देश के विभिन्न विधानमंडलों की समितियों को अधिक प्रभावी और सशक्त बनाने के उद्देश्य से गठित पीठासीन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समिति की द्वितीय बैठक पांच मई को जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित होगी।
- इस महत्वपूर्ण बैठक की मेजबानी राजस्थान विधानसभा कर रही है
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित इस समिति का उद्देश्य देशभर की विधानसभाओं की समिति प्रणाली की समीक्षा कर उसे और अधिक प्रभावी बनाना है।
- इस बैठक में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष भाग लेंगे।
- समिति के सभापति मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर हैं। समिति की पहली बैठक भोपाल में आयोजित की गई थी, जबकि दूसरी बैठक जयपुर में हो रही है।

**05. हाल ही में किस राज्य द्वारा पर्यटन क्षेत्र में ऑनलाइन बुकिंग मैनेजमेंट सिस्टम देश का पहला सरकारी मल्टी-साइट ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म है?**

**(A) राजस्थान**

**(B) मध्यप्रदेश**

**(C) उत्तरप्रदेश**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

- राजस्थान पर्यटन क्षेत्र में डिजिटल नवाचारों के जरिए तेजी से मॉडल प्रदेश के रूप में उभर रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा विकसित ऑनलाइन बुकिंग मैनेजमेंट सिस्टम (ओबीएमएस) देश का पहला सरकारी मल्टी-साइट ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म बन गया है, जिसके माध्यम से पर्यटकों को एक क्लिक पर पर्यटन स्थलों की जानकारी और टिकट बुकिंग सुविधा मिल रही है।
- ऑनलाइन बुकिंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल और मोबाइल ऐप के जरिए आमेर किला, हवा महल, जंतर-मंतर, सरिस्का टाइगर सफारी, झालाना लेपर्ड सफारी सहित 100 से अधिक पर्यटन स्थलों की ऑनलाइन टिकट बुकिंग की जा रही है।
- पोर्टल से विभिन्न विभागों को 30 करोड़ रुपये से अधिक अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त हुआ है। ओबीएमएस को वर्ष 2025 में स्कॉच अवॉर्ड में सिल्वर सम्मान भी मिल चुका है।

जयपुर, रविवार, 03 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-73

1. **डेयरी** संघ से जुड़ी पंजीकृत महिला दुग्ध उत्पादकों की बेटियों की शादी पर 1 लाख रुपये का अनुदान किस योजना के तहत दिया जाता है?
(A) सरस लाडो योजना
(B) मुख्यमंत्री कन्यादान योजना
(C) सरस मायरा योजना
(D) राजश्री योजना

2. **जयपुर** मेट्रो फेज-2 परियोजना के क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच इक्विटी (साझेदारी) का अनुपात क्या रखा गया है?
(A) 60:40
(B) 75:25
(C) 50:50
(D) 90:10

3. **राजस्थान** में 'स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर' की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने किसके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?
(A) नीति आयोग
(B) विश्व बैंक
(C) नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(D) एशियाई विकास बैंक

4. **मुख्यमंत्री** विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पात्र श्रमिकों और लोक कलाकारों को कितनी मासिक पेंशन दिए जाने का प्रावधान किया गया है?
(A) 1,000
(B) 1,500
(C) 2,000
(D) 3,000

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत पाली जिले का खेल कौन सा है?
(A) बास्केटबॉल
(B) क्रिकेट
(C) हॉकी
(D) एथलेटिक्स

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राज्य का पहला और देश का चौथा भालू संरक्षण रिजर्व कहां स्थापित किया जा रहा है?**

(A) जालोर

(B) उदयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine